# अध्याय – 02 | यूरोप में समाजवाद एवं रूसी क्रांति

## QUIZ-03

1. **फरवरी 1917 की क्रांति का एक प्रमुख कारण क्या था?**
   A. फ्रांस के साथ युद्ध
   B. खाद्य पदार्थों की भारी कमी
   C. किसानों का विद्रोह
   D. चर्च का हस्तक्षेप (B)

*व्याख्या:* फरवरी 1917 में पेत्रोग्राद के मजदूर इलाकों में खाद्य पदार्थों की भारी कमी हो गई, जिससे असंतोष भड़का।

2. **फरवरी 1917 की क्रांति के समय पेत्रोग्राद सोवियत का गठन कहाँ हुआ?**
   A. मास्को B. पेत्रोग्राद
   C. वारसॉ D. कीव (B)

*व्याख्या:* मजदूरों और सैनिकों ने फरवरी 1917 में पेत्रोग्राद में ही पेत्रोग्राद सोवियत का गठन किया।

3. **2 मार्च 1917 को जार निकोलस द्वितीय ने क्या किया?**
   A. संसद को भंग किया B. सिंहासन छोड़ दिया
   C. बोल्शेविकों को गिरफ्तार किया
   D. फ्रांस के साथ संधि की (B)

*व्याख्या:* 2 मार्च 1917 को जार निकोलस द्वितीय ने सेना के दबाव में सिंहासन त्याग दिया।

4. **लेनिन ने अप्रैल 1917 में रूस लौटकर किस कार्यक्रम की घोषणा की?**
   A. अक्टूबर घोषणापत्र B. अप्रैल थिसिस
   C. न्यू हार्मनी
   D. कम्यून घोषणापत्र (B)

*व्याख्या:* लेनिन ने अप्रैल 1917 में 'अप्रैल थिसिस' जारी किया, जिसमें युद्ध समाप्ति, ज़मीन का किसानों में बँटवारा और बैंकों का राष्ट्रीयकरण शामिल था।

5. **लेनिन की 'अप्रैल थिसिस' में निम्न में से कौन-सी माँग शामिल नहीं थी?**
   A. युद्ध समाप्त करना
   B. उद्योगों को मजदूरों को सौंपना
   C. ज़मीन का किसानों में बँटवारा
   D. चर्च की शक्ति बढ़ाना (D)

*व्याख्या:* लेनिन की अप्रैल थिसिस में युद्ध समाप्ति, ज़मीन बाँटना और बैंकों का राष्ट्रीयकरण शामिल था, लेकिन चर्च की शक्ति बढ़ाने की बात नहीं थी।

6. **16 अक्टूबर 1917 को किसने सत्ता पर कब्जा करने की योजना तैयार की?**
   A. ट्रॉट्स्की B. लेनिन
   C. स्टालिन
   D. जार निकोलस (B)

*व्याख्या:* 16 अक्टूबर 1917 को लेनिन ने पेत्रोग्राद सोवियत और बोल्शेविक पार्टी के साथ मिलकर सत्ता पर कब्जा करने की योजना बनाई।

7. **अक्टूबर क्रांति के समय प्रधानमंत्री केरेंस्की ने क्या किया?**
   A. लेनिन को गिरफ्तार किया
   B. सेना को इकट्ठा करने शहर से बाहर चले गए
   C. बोल्शेविकों को समर्थन दिया
   D. संसद भंग कर दी (B)

*व्याख्या:* अक्टूबर 1917 की क्रांति के दौरान प्रधानमंत्री केरेंस्की सेना इकट्ठा करने शहर से बाहर चले गए।

8. **'ऑरोरा' नामक युद्धपोत ने अक्टूबर क्रांति में क्या भूमिका निभाई?**
   A. मजदूरों को राशन पहुँचाना
   B. बोल्शेविकों पर गोली चलाना
   C. विंटर पैलेस पर बमबारी करना
   D. जार को देश से बाहर ले जाना (C)

*व्याख्या:* 'ऑरोरा' नामक युद्धपोत ने अक्टूबर क्रांति में विंटर पैलेस पर बमबारी की।

9. **रूस ने ग्रेगोरियन कैलेंडर कब अपनाया?**
   A. जनवरी 1917 B. फरवरी 1918
   C. नवंबर 1917 D. मार्च 1920 (B)

*व्याख्या:* 1 फरवरी 1918 तक रूस में जूलियन कैलेंडर चलता था, उसके बाद ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया गया।

10. **ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 'अक्टूबर क्रांति' कब हुई थी?**
    A. 12 मार्च B. 24 अक्टूबर
    C. 7 नवंबर D. 2 फरवरी (C)

*व्याख्या:* ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार अक्टूबर क्रांति वास्तव में 7 नवंबर को संपन्न हुई थी।

मिशन ज्ञान जब चाहें जहाँ चाहें जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App